प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 21.11.2022

## श्री महेश कुमार बजाज ने इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया

**चेन्नई, 21 नवंबर 2022 :** श्री महेश कुमार बजाज ने आज इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया । इस से पहले, श्री बजाज ने इंडियन बैंक के ट्रांसफोर्मेशन मैनेजमेंट ऑफिस, बिज़नेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग, डिजिटाइज़ेशन, एनालिटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ACOE), विपणन और कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभागों का नेतृत्व किया और उन्होंने इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में सफल समामेलन में मुख्य भूमिका निभाई है। वर्तमान में, वह गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड और विभिन्न समितियों के मेंबर भी हैं।

श्री बजाज ने अपने 29 से अधिक वर्षों के समृद्ध बैंकिंग अनुभव में भारत एवंम सिंगापुर में विविध क्षेत्रों में काम किया है। सिंगापुर में वह इंडियन बैंक के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में कार्यरत रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विभिन्न बैंकिंग क्षेत्रों जैसे कॉर्पोरेट, ट्रांज़ेकशन, खुदरा, ग्रामीण, राजकोष एवं फोरेक्स, एनपीए प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं आंतरिक लेखापरीक्षा में कार्य किया है। उन्होंने बैंक की अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग एकीकृत ट्रेजरी का नेतृत्व किया एवंम बड़ी क्रेडिट शाखाओं का प्रभार भी संभाला।

श्री बजाज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एप्लाइड मैथमेटिक्स में स्नातकोत्तर (M.SC.) हैं और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।